**NEWS CLIPPING:28.04.2022**

# THE TRIBUNE

## WORLD IP DAY OBSERVED

**Faridabad:** With a view to creating awareness on the significance of intellectual property right (IPR), the institution's innovation council (IIC) and the department of computer engineering of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, observed World IP Day by holding a special programme. The programme was organised under the Kalam programme for IP literacy and awareness and national intellectual property awareness mission (NIPAM). The programme was attended by more than 300 participants. Addressing the inaugural session, VC Prof SK Tomar highlighted the importance of IPR. Referring to the Indian traditional knowledge and patent issues in the light of turmeric and neem case, he said in the ancient time, the traditional knowledge in India was passed on from generation to generation in verbal form. Therefore, there was no documentation of such knowledge. India raised the issue on international platforms and expressed concerns over it.

**NEWS CLIPPING:28.04.2022**

# PIONEER

## जेसी बोस में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित शिविर मे जांच करते डॉक्टर।

**स्वास्थ्य** को लेकर जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से बुधवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

क्यूआरजी अस्पताल में निदेशक, मिनिमल इनवेसिव बैरियाट्रिक जीआई और एचपीबी सर्जरी डॉ. बालकिशन गुप्ता ने सत्र को संबोधित किया तथा विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया और उन्हें स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. एसके तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया।

क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इसके अलावा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हड्डी संबंधी रोगों को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप, ईसीजी, बीडीएम हड्डियों की जांच के लिए बीएमडी टेस्ट नि:शुल्क किए।

## अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्रों की प्रदर्शनी रहेगी आकर्षण का केंद्र

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद का संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 28 और 29 अप्रैल, 2022 को दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।

यह प्रदर्शनी विज्ञान सम्मेलन-2022 का हिस्सा होगी, जिसका आयोजन हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में स्कूल एवं कालेजों के विद्यार्थियों की विज्ञान एवं तकनीकी परियोजनाओं के अलावा मीडिया की अंतरराष्ट्रीय समाचार प्रदर्शनी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहेगी। विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक ने बताया कि प्रदर्शनी के दो सेक्शन होंगे। पहले सेक्शन में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रकाशित सभी समाचार पत्रों के माध्यम से दुनियाभर में घटित प्रमुख घटनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING:28.04.2022**

# AMAR UJALA

## जेआरएफ अभ्यर्थियों के लिए पूरे साल पीएचडी में दाखिले की मिली मंजूरी

**फरीदाबाद।** अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए दाखिला प्रक्रिया को आसान बनाने की घोषणा की है। विवि ने जेआरएफ की योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए पूरे साल दाखिला आवेदन को हरी झंडी दी है। पूर्व में दाखिला प्रक्रिया के समय ही जेआरएफ पास अभ्यर्थी भी आवेदन के योग्य थे। इसे अब समाप्त कर दिया गया है।

कुलपति प्रो. एसके तोमर ने विश्वविद्यालय में अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से निर्णय को मंजूरी दी। शोध एवं विकास (आरएंडडी) डीन प्रो राजेश आहुजा ने बताया कि विवि पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साल में दो बार जनवरी और जुलाई में दाखिले शुरू करता है। ऐसे में कई बार दाखिला कार्यक्रम जेआरएफ परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों के लिए अनुकूल नहीं होता। इस कारण वह प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा लेने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को पीएचडी पाठ्यक्रम में आकर्षित करने के लिए विश्वविद्यालय ने जेआरएफ योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया को आसान बनाने का निर्णय लिया है। *ब्यूरो*

## विश्वविद्यालय में 200 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें क्यूआरजी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हड्डी संबंधी रोगों को लेकर जागरूकता संदेश दिया गया। इस दौरान मधुमेह, ईसीजी, बीडीएम हड्डियों की जांच के लिए बीएमडी टेस्ट निशुल्क किए गए। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:28.04.2022**

# HINDUSTAN

# जेआरएफ सफल उम्मीदवार कभी भी ले सकते हैं दाखिला

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए पीएचडी कार्यक्रम में सालभर दाखिला लेने का मौका दिया जाएगा। संस्थान ने दाखिला प्रक्रिया को आसान बनाने को ये फैसला लिया है। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने कहा कि इससे उत्साही शोधकर्ताओं को आकर्षित किया जाएगा।

डीन प्रो. राजेश आहूजा ने बताया कि विश्वविद्यालय पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साल में दो बार जनवरी और जुलाई में दाखिले करता है। कई बार विश्वविद्यालय का दाखिला कार्यक्रम जेआरएफ परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के लिए अनुकूल नहीं होता, जिससे वे दाखिले नहीं ले पाते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को फैसले से राहत मिलेगी।

## आरक्षण के नियम में नहीं मिलेगी छूट

डिप्टी डीन (आरएंडडी) डॉ. राजीव साहा ने बताया कि शोधार्थियों को पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश देते समय विश्वविद्यालय राज्य सरकार के आरक्षण नियमों में किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

**NEWS CLIPPING:28.04.2022**

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर क्यूआरजी अस्पताल में निदेशक, मिनिमल इनवेसिव बैरियाट्रिक जीआई और एचपीबी सर्जरी डॉ. बालकिशन गुप्ता ने जागरूकता सत्र को संबोधित किया तथा विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया और उन्हें स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. एस.के. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। क्यूआरजी अस्पताल, फरीदाबाद के चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इसके अलावा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हड्डी संबंधी रोगों को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप, ईसीजी, बीडीएम हड्डियों की जांच के लिए बीएमडी टेस्ट निःशुल्क किए गए।



शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करते हुए चिकित्सक । विशाल त्रिवेदी